

**हमने कभी सुनामी शब्द नहीं सुना था**

दिग्गज खिलाड़ी ने कहा, तब हमने कभी सुनामी शब्द नहीं सुना था और हमें समझ नहीं आ रहा था कि आखिर क्या हो रहा है। जब मैं बेंगलुरु अपने घर आ गया तब मैंने टीवी ऑन किया, तब मुझे अहसास हुआ सुनामी आकर जा चुकी है, तो जब यह आ रही थी तब हम बिल्कुल ही जागरूक नहीं थे कि यह क्या था।

## भारत में 2004 में आई सुनामी में अनिल कुंबले भी फंसे थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज से करीब 16 साल (26 दिसंबर 2004) पहले भारत में आई सुनामी में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले भी फंसे थे। कुंबले ने इस खौफनाक घटना को याद करते हुए रविचंद्रन अश्विन को यह पूरी कहानी सुनाई है। इस खतरनाक मंजर ने दुनिया भर में अपना कहर बरपाया था और करीब 2 लाख लोगों की इसमें मौत हुई थी, जबकि कई लाख लोग बेघर हो गए थे। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान भी इस चेन्नै में ही थे और उन्हें उसी दिन अपने घर बेंगलुरु लौटना था। तब प्रशांत महासागर में आए भूंकप के कारण सुनामी की लहरें पैदा हुईं और इसने दक्षिण भारत समेत यहां स्थित पड़ोसी देशों में खूब तबाही मचाई। भारत में भी इस आपदा में 10,136 लोगों ने अपनी जान गंवाई। अनिल कुंबले ने आर. अश्विन के यूट्यूब चैनल विद अश्विन में इस मंजर को याद किया। कुंबले ने बताया, उस दिन हम चेन्नै में ही थे और यहां के फिशरमैन कोव (रिजॉर्ट) में रुके हुए थे। मेरे साथ मेरी पत्नी और बेटा भी था, जो तब करीब 10 महीने का ही था। हम अपनी छुट्टियां एन्जॉय कर घर लौटने को ही थे और सुनामी आई गई। हमारी 11.30 की फ्लाइट थी और इसलिए हमें सुबह 9.30 बजे ही चैकआउट करना था।

# पूरे देशवासियों का मूड लिफ्ट कर देगा आईपीएल

### मौजूदा हालात में भारत का यूएई में आयोजन कराना बहुत ही साहसिक फैसलाः दहिया

**क्रिकेट**

- ■यूएई में परिस्थितियां ठीक हैं और वहां आईपीएल का आयोजन सफल रहेगा
- ■धोनी ऐसे इंसान हैं जो ज्यादा कुछ बोलते नहीं, बस करके दिखाते है



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। फेसबुक पर लाइव चैट के दौरान दहिया ने कहा कि आईपीएल कोरोनाकाल से जूझ रहे देशवासियों का मूड लिफ्ट करने में मदद करेगी। आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के चीफ स्काउट दहिया के मुताबिक मौजूदा हालात में भारत का यूएई में आयोजन कराना बहुत ही साहसिक फैसला है।

**खिलाड़ियों को 0 से करनी होगी शरुआतः** उन्होंने बीसीसीआई के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, यूएई में परिस्थितियां ठीक हैं और वहां आईपीएल का आयोजन सफल रहेगा। दुनिया के हर देश ने कोरोना काल में गतिविधियों की शुरुआत खेल से ही की है। मुझे पूरा यकीन है कि आईपीएल के आयोजन से भारत में भी लोगों को इस महामारी की मानसिक पीड़ा से उबरने में मदद मिलेगी। हालांकि खिलाड़ियों को शून्य से शुरुआत करनी होगी क्योंकि पेशेवर खिलाड़ियों के लिए चार महीने तक मैदान से दूर रहना बहुत बड़ी बात होती है।

**बोलते नहीं कर दिखाते हैं धोनी** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पिछले 15 महीनों से मैदान से दूर हैं। दहिया से जब पूछा गया कि इस आईपीएल के लिए वह कितने तैयार होंगे तो उनका जवाब था, धोनी ऐसे इंसान हैं जो ज्यादा कुछ बोलते नहीं, बस करके दिखाते हैं। मुझे जो पता चला है कि उन्होंने फ्रेंचाइजी से कहा है कि टीम को कम से कम एक महीने पहले यूएई ले जाया जाए।

इससे जाहिर होता है कि वह तैयारी में लगे हुए हैं। जहां तक मैच फिट होने की बात है तो बड़े खिलाड़ियों को इसके लिए ज्यादा समय नहीं चाहिए होता है। एक हफ्ते की तैयारी में भी वह लय हासिल कर सकते हैं। धोनी अभी भी टीम के लिए सबसे अहम खिलाड़ी हैं।

**खिताब की दावेदार होगी दिल्ली कैपिटल्सः** दहिया से जब दिल्ली कैपिटल्स की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि टीम ने पिछले सीजन में काफी अच्छा किया था। इस बार घरेलू खिलाड़ियों की संख्या ज्यादा है, जिससे टीम के खिताब जीतने की संभावना भी बढ़ गई है।

## मयंक अग्रवाल ने न्यूजीलैंड दौरे से काफी कुछ सीखा होगाः नेहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा को भारतीय टेस्ट क्रिकेट में मयंक अग्रवाल काफी भरोसेमंद बल्लेबाज लगते हैं। नेहरा ने मयंक की तारीफ करते हुए कहा कि भले ही वह न्यूजीलैंड दौरे पर फ्लॉप हो गए हों लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि उन्होंने इस दौरे से काफी कुछ सीखा होगा और भविष्य में वह यहां पर रन करते हुए जरूर नजर आएंगे।

आशीष नेहरा स्टार क्रिकेट के प्रोग्राम क्रिकेट कनेक्टेड में मयंक की बैटिंग पर बात कर रहे थे। इस पूर्व लेफ्टआर्म फास्ट बोलर ने कहा कि न्यूजीलैंड किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे मुश्किल



जगहों में से एक है। ऐसे में कर्नाटक के इस बल्लेबाज का भी यह पहला ही दौरा था और उनसे यहां ज्यादा उम्मीद नहीं की जा सकती थी। लेकिन पूरी उम्मीद है कि उन्होंने यहां के अनुभवों से जरूर सीखा होगा।

नेहरा ने कहा, किसी को भी समय लगता है और न्यूजीलैंड कोई आसान जगह नहीं है। मैं अपने अनुभव से कहूं तो बल्लेबाजों के लिए यह इस धरती पर सबसे मुश्किल जगह है। न्यूजीलैंड हमेशा ही मुश्किल रहा है, तो मुझे पूरा भरोसा है कि मयंक अग्रवाल ने भी इस दौरे से काफी कुछ सीखा होगा।

बता दें मयंक अग्रवाल को कीवी दौरे पर तीन वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलने का मौका मिला था। उन्होंने इसी देश से अपने वनडे करियर का आगाज किया लेकिन मयंक यहां तीन वनडे मैचों में सिर्फ (32, 3 और 1) 36 रन ही बना पाए। दो टेस्ट की चार पारियों में भी यह बल्लेबाज सिर्फ (34, 58, 7 और 3) 102 रन बना पाया। 41 वर्षीय नेहरा ने कहा, श्यह दौरा हर किसी खिलाड़ी के लिए मुश्किल था और इसमें कोई दोराय नहीं है कि उन्होंने (मयंक) वहां विश्वास दिखाया। और उनके करियर में यह अभी शुरुआती दिन ही हैं। आपको सभी को समय देना होता है।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने खरीदी दुनिया की सबसे महंगी कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ब्राजील। दुनिया के मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने खेल के साथ–साथ अपने लाइफस्टाइल के लिए भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। हाल ही में इस फुटबॉलर ने दुनिया की सबसे महंगी कार बुगाटी ला वोइतूर नोइरे खरीदी है। इस गाड़ी के साथ रोनाल्डो ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर भी पोस्ट की, जो उनके फैन्स को खूब पसंद आ रही है। बुगाटी की यह नई कार जब उनके पास आएगी, तो वह दुनिया के उन 10 भाग्यशाली लोगों में से होंगे, जिनके पास यह होगी। इसकी कीमत 8.5 मिलियन यूरो यानी करीब 75 करोड़ रुपये है। शुरुआत में कंपनी 10 ही लोगों को यह कार डिलिवर करेगी।

रोनाल्डो को 2021 तक यह कार डिलिवर होगी। यह रॉयल कार 380 किलोमीटर प्रति घंटा की टॉप स्पीड से चल सकती है, जो सिर्फ 2.4 सेकंड में ही 60 किलोमीटर की स्पीड पकड़ लेती है। CR7 रोनाल्डो का ट्रेड मार्क लोगो है। रोनाल्डो की हर पसंदीदा चीज पर यह लोगो दिखता है और इस कार पर भी यह दिखेगा। इस दिग्गज फुटबॉलर के कार क्लेक्शन की अगर बात की जाए, जो उनके पास दुनिया की एक से एक महंगी कीमत वाली रॉयल कारें हैं।

## न्यूज डायरी



### टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया दौरा स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को कहा कि उसने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली 3 ज्20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज को स्थगित कर दिया है। टी20 मैचों का आयोजन टाउन्सविल, केर्न्स और गोल्ड कोस्ट में क्रमशरू 4, 6 और 9 अक्टूबर को होना था। यह सीरीज टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए आयोजित हो रही थी लेकिन इस प्रतिष्ठित टूर्नमेंट को पिछले महीने वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण स्थगित कर दिया गया जिसके बाद दोनों देश के बोर्ड ने टी20 सीरीज को भी स्थगित करने का फैसला किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट किया, वेस्टइंडीज क्रिकेट के साथ मिलकर हम टी20 सीरीज को स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं, जिसका आयोजन अक्टूबर में क्वीन्सलैंड में होना था। बोर्ड ने कहा, यह सीरीज आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी सीरीज थी और अब इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया में 2021 या 2022 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले ही किया जाएगा।

### नसीम अपने दम पर टेस्ट मैच जीत सकते हैंः मिस्बाह उल हक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। पाकिस्तान के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिस्बाह उल हक ने युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि वह अपने दम पर टेस्ट मैच जिता सकते हैं। नसीम उस पाकिस्तान टीम में हैं, जो बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रही है। सीरीज का पहला मैच ओल्ड टैफर्ड पर खेला जाएगा। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज इसी साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ हैटट्रिक लेने के बाद टेस्ट में सबसे कम उम्र में हैट्रिक लेने वाला गेंदबाज बना था। अंग्रेजी अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक मिस्बाह ने कहा, श्वकार यूनुस और मैंने, नसीम को गद्दाफी स्टेडियम में देखा था और वह एक पूर्ण गेंदबाज की तरह लग रहे थे। हमने सोचा था कि बेशक उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेली हो लेकिन उन्हें सीधे ऑस्ट्रेलिया जाना चाहिए।

### एसओपी के कारण खुद को कमरे में बंद नहीं करूंगाः अरुण लाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। कैंसर से उबर चुके बंगाल के कोच अरुण लाल का कहना है कि घरेलू टीमों के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मानक संचालन प्रक्रिया लागू होने का यह मतलब नहीं है कि वह खुद को कमरे में बंद कर लेंगे। बोर्ड ने राज्य संघों के लिए एसओपी जारी किया है, जिसके अनुसार 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग जिन्हें कोई बीमारी रही हो या जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो, उन्हें सरकार के आगामी निर्देश मिलने तक अभ्यास शिविरों में नहीं आना चाहिए। अरुण लाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि वह कैसे इस उम्र में देश चला रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री 69 साल के हैं और ऐसे समय में देश चला रहे हैं। क्या उनको कोई इस्तीफा देने को कहता है। उन्होंने कहा, मैं बंगाल को कोचिंग दूं या नहीं लेकिन मैं अपनी जिंदगी जिऊंगा।

### धोनी की टीम का चेन्नै में होगा कोरोना टेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाइजी चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाड़ी सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात जाने की तैयारी में हैं। उनका कोरोना वायरस टेस्ट चेन्नै में होगा। यह जानकारी फ्रैंचाइजी से जुड़े एक अधिकारी ने दी। सीएसके ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) और अन्य चीजों को लेकर लीग की गवर्निंग काउंसिल से संपर्क किया था और उसे इस संबंध में आश्वासन मिल गया है। आईपीएल टीम से साथ ही कहा गया है कि आईपीएल और फ्रैंचाइजियों के बीच बैठक इस सप्ताह होगी। सुपर किंग्स के एक अधिकारी ने आईएएनएस से कहा कि शीर्ष प्रबंधन रविवार को हुई बैठक के बाद से ही आईपीएल गर्वनिंग काउंसिल के संपर्क में है और उनसे कहा गया है कि आईपीएल टीमों के लिए एसओपी अगले कुछ दिनों में उन्हें दे दी जाएंगी। सुपर किंग्स के सबसे पहले यूएई जाने की उम्मीद है, लेकिन जीसी ने साफ कर दिया है कि टीमें 20 अगस्त के बाद ही यूएई जा सकेंगी।